चमोली ज़िले को मिला राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवॉर्ड

चर्चा में क्यों?

26 अगस्त, 2023 को 94 स्कॉच समिट कॉन्स्टीट्यूशन क्लब इंडिया नई दिल्ली में स्कॉच ग्रुप इंडिया की ओर से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चमोली ज़िले को आजीविका संवर्धन की विभिन्न गतिविधियों के लिये स्कॉच अवॉर्ड प्रदान किया गया।

प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चमोली ज़िले को आजीविका संवर्धन की विभिन्न गतिविधियों के लिये स्कॉच अवॉर्ड में सिल्वर श्रेणी मिली है।
- चमोली के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. महेश कोहली (तत्कालीन ज़िला विकास अधिकारी चमोली) और संजय पुरोहित (ग्रामीण वित्त समन्वयक उपासक चमोली ग्रामीण विकास) ने यह अवॉर्ड प्राप्त किया।
- चमोली में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की ओर से सदस्यों को लेंटाना फर्नीचर निर्माण, फल संरक्षण, पिरुल से बने उपयोगी सामान, धूप-अगरबत्ती निर्माण, कताई-बुनाई प्रशिक्षण, डेयरी प्रशिक्षण, सुगंधित जड़ी-बूटी प्रशिक्षण, भोजपत्र आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूहों को बैंक लिंकेज के साथ व्यवसाय के लिये ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है।
- चमोली में इस प्रकार के प्रशिक्षण से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोज़गार मिला है। इससे महिलाएँ स्वरोज़गार कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। समूह की ओर से उत्पादित इन सामग्रियों से स्थानीय स्तर पर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/skoch-award-2

दृष्टि The Vision